# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-19.03.2025**

**थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामदः-**

दिनांक 18.03.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है, जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.विनय पुत्र श्रीपाल निवासी मौहल्ला आलदरम्यान थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 08 लीटर कच्ची शराब बरामदः-**


दिनांक 18/19.03.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को अवैध 08 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.साहिल पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम आसनकला थाना मतलौड़ा जनपद पानीपत हरियाणा।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 08 लीटर कच्ची शराब।



**पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम द्वारा जनपद में आयोजित 30 दिवसीय छात्र - पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम (SPELP) के द्वितीय चरण का समापन किया गया।**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा माय भारत के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं पुलिस विभाग के समन्वय से आयोजित 30 दिवसीय छात्र - पुलिस अनुभवात्मक अधिगम (द्वितीय चरण) कार्यक्रम का समापन दिनांक 19.03.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम द्वारा पुलिस लाइन सभागार में किया गया।

जनपद शामली में यह कार्यक्रम दिनांक 01.02.2025 को जनपद के पांच पुलिस थानो कोतवाली शामली, महिला थाना, आदर्श मंडी, कैराना तथा कांधला में प्रारंभ किया गया था जिसमें शामली जनपद के पांच महाविद्यालयों विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कैराना, राष्ट्रीय किसान पीजी कॉलेज शामली, वीवी पीजी कॉलेज शामली, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांधला तथा कांधला कॉलेज कांधला के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के माय भारत पोर्टल पर पंजीकृत कुल 50 छात्र एवम छात्राओं ने प्रतिभाग हेतु पंजीकरण कराया था।

समापन कार्यक्रम के अवसर पर जनपद शामली के पुलिस अधीक्षक श्री राम सेवक गौतम ने एनएसएस स्वयंसेवियों को जीवन में उच्चतम लक्ष्य निर्धारित कर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ पूर्ण मनोयोग, ईमानदारी, निष्ठा और परिश्रम से प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया साथ ही उन्होंने तीस दिवसीय प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को समाज में प्रचारित और प्रसारित कर पुलिस विभाग एवं जन सामान्य के मध्य एक कड़ी के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया तथा उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की।

एसपीईएल कार्यक्रम के जनपद नोडल अधिकारी (पुलिस विभाग) श्री संतोष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शामली ने बताया कि एसपीईएल कार्यक्रम के द्वितीय चरण के अंतर्गत पंजीकृत छात्र एवं छात्राओं को 30 दिवस में 120 घंटों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसके अंतर्गत पुलिस विभाग से संबंधित आधारभूत जानकारी, थानों की कार्यप्रणाली एवं अभिलेखीकरण, सामान्य, महिलाओं एवं बाल संबंधी अपराधों का विधिक ज्ञान, मादक पदार्थों ,मानव तस्करी आदि विशेष अपराधों के संबंध में जानकारी, आगंतुक पटल, महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय में सीसीटीएनएस व अन्य पटल, घटनास्थल का निरीक्षण, भीड़ प्रबंधन, बीट पुलिसिंग, गश्त एवं पिकेट ड्यूटी, पुलिस लाइंस, फायर स्टेशन, साइबर थाना, नारकोटिक्स सेल, विशेष जांच प्रकोष्ठ आदि के विषय में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। एनएसएस स्वयंसेवियों को वृद्धाश्रम का भ्रमण भी कराया गया। 30 दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात एनएसएस स्वयंसेवियों को ऑनलाइन असाइनमेंट प्रदान किया गया जिसको छात्र, छात्राओं नें पूर्ण कर ऑनलाइन सबमिट किया। असाइनमेंट में उत्तीर्ण समस्त छात्र एवं छात्राओं को ऑनलाइन प्रमाणपत्र जारी किए गए।

डॉ0 भूपेंद्र कुमार, कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना मां शाकुंभरी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे एनएसएस स्वयंसेवियों को आशीर्वचन प्रदान कर शुभकामनाएं प्रेषित की डॉ0 डॉली असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय कैराना तथा एसपीईएल द्वितीय चरण हेतु जनपद शामली की नोडल अधिकारी (एनएसएस) ने बताया कि माय भारत भारतीय युवाओं को सशक्त बनाने हेतु युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय,भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसमें अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रमों (एक्सपीरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम ELP) के माध्यम से युवाओं को अनुभवात्मक ज्ञान प्रदान करने हेतु एक सशक्त प्लेटफॉर्म प्रदान किया जा रहा है जिसका लाभ प्राप्त करने के लिए माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि माय भारत पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण परिवेश के युवाओं हेतु डिजिटल कृषि में ईएलपी जारी है। माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर युवा इसका लाभ उठा सकते हैं।

प्रशिक्षण अवधि के दौरान श्री संजीव भटनागर, प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम पुलिस थाना साइबर क्राइम पुलिस थाना/नोडल अधिकारी थाना स्तर, SPEL कार्यक्रम तथा श्री गौरव त्यागी पुलिस उप निरीक्षक ने छात्र एवम छात्राओं को साइबर

अपराधों जैसे फिशिंग, मेलवेयर, साइबर स्टॉकिंग, डिजिटल अरेस्ट, ई-सिम एवम ट्रेड फ्रॉड, कॉल मर्जिंग, स्पेमिंग, आइडेंटिटी थेफ्ट, साइबर बुलिंग के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की तथा उनसे बचने एवं धोखाधड़ी का शिकार होने पर उचित माध्यम पर शिकायत करने के पोर्टल एवं हेल्पलाइन नंबर को साझा किया। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 1930, 112, 1090 तथा साइबर दोस्त एप्प व cybercrime.gov.in के विषय में भी छात्र एवम छात्राओं को जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में डॉ0 कुणाल सिंह एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी वीवी कॉलेज शामली एवम डॉ0 दुष्यंत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी कांधला कॉलेज कांधला की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री विकास है0का0/कम्प्यूटर ऑपरेटर थाना साइबर क्राइम शामली तथा श्री प्रदीप एएसआई/डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सीसीटीएनएस शामली का विशेष योगदान एवं सहयोग रहा एसपीईएल द्वितीय चरण के सफलतापूर्वक समापन हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शामली द्वारा सभी के प्रति आभार प्रकट किया गया।



---

**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**